भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1727
उत्तर देने की तारीख : 28.11.2019

नए लघु उद्योगों की स्थापना

1727. श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकरः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के युवाओं को सूक्ष्म और लघु उद्योगों के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए नए लघु स्तर के उद्योगों की स्थापना के लिए एक आर्थिक पैकेज प्रदान करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का दादरा और नगर हवेली संघ राज्यक्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए लघु स्तर के उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (घ) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) पहले से ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) नामक एक क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम चला रहा है जिसका उद्देश्य गैर-कृषि क्षेत्र में नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के जरिए स्व-रोजगार के अवसर सृजन करना है। सरकार दादरा एवं नगर हवेली सहित संपूर्ण भारत में लघु उद्योग स्थापित करने हेतु पीएमईजीपी के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

*****